तथा देश में उपलब्ध अर्ध-चिकित्सा कार्मिक भी लोगों को स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं तथा स्वास्थ्य शिक्षा देने में लगे हुए हैं।

(ग) केन्द्रीय क्षेत्र के स्वास्थ्य बजट में इस प्रयोजन के लिए राज्य को सहायता देने का कोई प्रावधान नहीं है।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नयी दिल्ली में नर्सों की कार्य-परिस्थितियां

2411. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार नई दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में नर्सों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं,

(JS) 3^aft %gi-^itf afo qd-wfl ^n t;

(ख) उनकी सेवा-शर्तें और वेतनमान क्या है,

(ग) क्या अस्तपाल के उच्च अधिकारियों तथा पुरूष कर्मचारियों द्वारा उनका शोषण किए जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं,

(घ) क्या सरकार ने ऐसी शिकायतों की जांच कराई है और इस मामले की छानबीन कराने का विचार रखती है तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाये गए हैं, और

(ड़) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (डा. सी. सिल्वेरा) : (क) और (ख) : 1. डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मंजूर किए गए नर्सों के पदों की कुल संख्या और उनका वेतनमान इस प्रकार है:-

	पदनाम	संख्या	वेतनमान
(क)	मुख्य नर्सिंग अधिकारी	1	3000-4500
(ख)	नर्सिंग अधीक्षक	1	2200-4000
(ग)	उप नर्सिंग अधीक्षक	7	2000-3500
(घ)	सहायक नर्सिंग अधीक्षक	46	2000-3200
(ड)	नॉन रेजिडेंट नर्से	22	1200-1800
(च)	सिस्टर ट्यूटर	13	2000-3200
(छ)	नर्सिंग सिस्टर	207	1640-2900
(ज)	क्लिनिक्ल अनुदेशक	4	1640-2900
(झ)	जन स्वास्थ्य नर्सें	1	1640-2900
(त्र)	स्टाफ नर्स	485	1400-2600
		787	

नर्सिंग कार्मिकों की सेवा शर्तें केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के सदृश नियंत्रित की जाती है।

तथापि, उन्हें 150 रुपये प्रतिमाह का नर्सिंग भत्ता, 75 रुपये प्रतिमाह धुलाई भत्ता, 1500 रुपये प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता, विशिष्ट विभागों में कार्यरत नर्सों को 60 रुपये प्रतिमाह का विशेष वेतन भी दिया जाता है।

नर्सिंग अधीक्षक द्वारा भिन्न-भिन्न शिफटों की जरूरतों को मद्दे नजर रखते हुए किए गए निर्णयानुसार प्रत्येक नर्स हर महीने 22/23 शिफ्ट ड्यूटियां करेगी।

5. बारी-बारी के आधार पर ड्यूटियां लगाकर और छुट्टी दिवसों की व्यवस्था करके हर रोज प्रत्येक शिफ्ट में नियमित नर्सिंग कार्मिकों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी।

6. प्रत्येक नर्स को वर्ष में 96 छुट्टी दिवस अर्थात् एक महीने में 8 छुट्टी दिवस और 3 राष्ट्रीय छुट्टियों अथवा राष्ट्रीय छुट्टियों के बदले 3 अतिरिक्त छुट्टी दिवस अर्थात् एक कार्य वर्ष में 99 छुट्टी दिवस मिलेंगे।

(ग) ऐसी कोई शिकायतें नहीं मिली है।

(घ) और (ड) प्रश्न नहीं उठते।